Title: Need to provide immediate financial assistance to meet the acute drinking water problem in Gaya district, Bihar.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : सभापति महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र गया में पीने के पानी की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। अभी गर्मी पूरी तरह आई भी नहीं है लेकिन नदी-तालाब, कुएं सूख गए हैं। लोग पानी के लिए कई दूसरी जगह पलायन कर रहे हैं। यह समस्या ग्रामीण एवं शहरी दोनों में समान रूप से व्याप्त है। अगर इस समस्या का जल्दी ही निराकरण नहीं किया गया तो स्थिति बद से बदतर होती जाएगी और मई-जून की भयानक गर्मी में क्या होगा, इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि गया जिले में पीने के पानी की समस्या से निपटने के लिए यथाशीघ्र एक आपात राशि भिजवाई जाए।